an>

Title: The Speaker made reference on the occasion of Human Rights Day.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर का दिन मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सन् 1948 में सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को अंगीकार किया था।

मानवाधिकार हर व्यक्ति का जन्मजात अधिकार है जो हम सभी को विश्व समुदाय के रूप में एक सूत्र में पिरोकर रखता है। यह दिवस मानवाधिकार के बारे में जनचेतना बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

आइए, हम सब इस अवसर पर समस्त मानव जाति, विशेष रूप से समाज के कमज़ोर वर्गों के मानवाधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करें।